June - July 2026
Issue 11

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

# नमो भारत टाइम्स

# Namo Bharat Times









## TABLE OF CONTENT

02 — Highlight of the Month
04 — Recent@Namo Bharat
19 — Commuter Corner
20 — Canvas & Commute
21 — Trivia
25 — Behind the Track
26 — Commuter of the month
27 — Social Buzz

# *Highlight of the Month*

## एनसीआरटीसी टीम की सतर्कता ने बच्चे को परिजनों से मिलाया

सराय काले खां स्टेशन पर एनसीआरटीसी टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बच्चे को सकुशल उसके परिवार से मिलाया गया।

हाल ही में स्टेशन पर तैनात कर्मियों ने देखा कि एक महिला के साथ यात्रा कर रहा बच्चा लगातार रो रहा था। शक होने पर स्टाफ ने महिला से पूछताछ की। महिला ने बच्चे को अपना बताया, लेकिन बच्चे ने उसे पहचानने से इनकार कर दिया।

संदिग्ध पाए जाने पर मामले की सूचना तुरंत स्टेशन कंट्रोलर को दी गई। सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस को सतर्क किया गया तथा बच्चे के माता-पिता से भी संपर्क किया गया। आगे की जांच के लिए महिला और बच्चे को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया।

एनसीआरटीसी टीम, सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के बीच प्रभावी समन्वय से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हुई। यह घटना यात्रियों की सुरक्षा के प्रति एनसीआरटीसी की सतर्कता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इसी तरह, 22 जुलाई को स्टेशन स्टाफ की सतर्कता से एक यात्री का ट्रेन में छूटा कीमती सामान से भरा बैग सुरक्षित बरामद किया गया।

बेगमपुल से गाजियाबाद की यात्रा के दौरान छूटे बैग में पहचान पत्र समेत कई कीमती सामान मौजूद थे।

आवश्यक सत्यापन के बाद स्टेशन स्टाफ ने मोदीनगर स्टेशन पर बैग यात्री को सुरक्षित सौंप दिया। इस त्वरित कार्रवाई ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के प्रति एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया।













# Recent @ Namo Bharat

## कांवड़ यात्रा के दौरान नमो भारत बनी वरदान, हर 8 मिनट पर उपलब्ध रहीं ट्रेनें



कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए एनसीआरटीसी ने 30 जुलाई से 14 अगस्त तक नमो भारत कॉरिडोर पर प्रतिदिन 52 अतिरिक्त ट्रेन ट्रिप्स संचालित कीं। ये अतिरिक्त सेवाएं सराय काले खां से मोदीपुरम स्टेशन के बीच संचालित की गईं। अतिरिक्त ट्रिप्स के बाद पूरे कॉरिडोर पर हर 8 मिनट में ट्रेन उपलब्ध रही। आवश्यकता के अनुसार एनसीआरटीसी ने ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने की भी व्यवस्था रखी।







अप्रैल 2026 से कॉरिडोर पर औसत दैनिक यात्री संख्या लगभग एक लाख बनी हुई है। कांवड़ यात्रा के दौरान इसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई और 3 अगस्त 2026 को रिकॉर्ड 1.5 लाख यात्रियों ने नमो भारत सेवा का उपयोग किया। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है। नमो भारत ट्रेनों के साथ मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक मेरठ मेट्रो भी संचालित हो रही है, जिससे शहर के भीतर आवागमन और अधिक सुगम हुआ है।

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

# Recent @ Namo Bharat

## एनसीआरटीसी ने कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर सपूतों को अर्पित की श्रद्धांजलि

एनसीआरटीसी ने 27वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बेगमपुल नमो भारत स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल युद्ध के वीर शहीदों और भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में एनसीआरटीसी के अधिकारियों के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और देश के वीर जवानों को नमन किया।




कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि







इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में 4 जाट रेजिमेंट का हिस्सा रहे, कर्नल राजेश त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस भीषण युद्ध के स्वयं साक्षी रहे कर्नल त्यागी ने उपस्थित लोगों के साथ युद्ध की पृष्ठभूमि, भारतीय जवानों की शौर्य गाथाएँ और अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने छात्रों को राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत करने, शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनने तथा आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।








कार्यक्रम के तहत छात्रों के लिए 'गार्डिंग द बॉर्डर्स' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी चित्रकला के माध्यम से सीमाओं की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। चयनित चित्रों को बेगमपुल नमो भारत स्टेशन पर यात्रियों और आमजन के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया गया है। वहीं युवा बैंड 'अभिगर्व' ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।


OPERATION
SINDOOR
TAPS
Futu


ncrtc
Commemorating

# Recent @ Namo Bharat

## बेगमपुल स्टेशन पर आयोजित हुआ इंटरैक्टिव सेशन, यात्रियों को टिकटिंग, सुरक्षा और परिचालन की दी विस्तृत जानकारी

नमो भारत यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने अपने समग्र यात्री सहभागिता कार्यक्रम 'नमो भारत चैंपियंस' के तहत बेगमपुल नमो भारत स्टेशन पर 'KNOW YOUR NAMO BHARAT' नाम का इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों को नमो भारत प्रणाली के कामकाज, प्रमुख सुविधाओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल और आवश्यक यात्रा दिशा-निर्देशों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें वो दैनिक यात्री भी शामिल थे जो नमो भारत चैंपियंस ग्रुप का हिस्सा हैं।






एनसीआरटीसी की टीम ने संवादात्मक चर्चा और गाइडेड स्टेशन टूर के माध्यम से प्रतिभागियों को स्टेशन संचालन, ट्रेन परिचालन और यात्री सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न प्रणालियों की जानकारी दी। इस दौरान टिकटिंग संबंधी विकल्पों, समस्याओं और उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। यात्रियों को किराया प्रक्रिया, फीडबैक साझा करने की व्यवस्था तथा कस्टमर केयर नंबर 08069651515 की जानकारी दी गई।

प्रतिभागियों को स्टेशन नियंत्रण केंद्र (एससीआर) का गाइडेड टूर भी कराया गया, जिससे उन्हें स्टेशन संचालन और यात्री आवागमन के प्रबंधन में शामिल प्रणालियों की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला।



इंटरैक्टिव सेशन में, यात्रियों को टिकटिंग, सुरक्षा और परिचालन की विस्तृत जानकारी दी गई



'नमो भारत चैंपियंस' पहल का उद्देश्य यात्रियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सेवाओं में निरंतर सुधार करना है। इच्छुक यात्री स्टेशनों पर उपलब्ध क्यूआर कोड या एनसीआरटीसी की वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस ग्रुप से जुड़कर जिम्मेदार सार्वजनिक परिवहन उपयोग के 'चैंपियंस' बन सकते हैं।





Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

# Recent @ Namo Bharat

## न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर हाई-कैपेसिटी ईवी चार्जिंग स्टेशन का परिचालन आरंभ

हरित एवं सतत गतिशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में एनसीआरटीसी ने न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर हाई-कैपेसिटी इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन जनता के लिए शुरू कर दिया है। यह दिल्ली के सबसे बड़े सार्वजनिक अल्ट्रा-फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों में से एक है, जहां निजी और व्यावसायिक इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ इलेक्ट्रिक बसों को भी एडवांस्ड फास्ट चार्जिंग सर्विस मिलेगी।




हाई-कैपेसिटी ईवी चार्जिंग स्टेशन का परिचालन आरंभ




चार्जिंग स्टेशन पर कुल 14 डीसी चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें 240 किलोवॉट क्षमता के सात डीसी चार्जर, 360 किलोवॉट के चार डीसी अल्ट्रा-फास्ट चार्जर तथा हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 480 किलोवॉट क्षमता के तीन डीसी अल्ट्रा-फास्ट चार्जर शामिल हैं। सुरक्षित और भरोसेमंद चार्जिंग सुनिश्चित करने के लिए यहां अत्याधुनिक सेफ्टी और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए गए हैं। उपयोगकर्ता मोबाइल ऐप के माध्यम से स्टेशन की लोकेशन, चार्जर की उपलब्धता और चार्जिंग सेवा का लाभ आसानी से उठा सकते हैं।




इस सुविधा के शुरू होने से नमो भारत स्टेशन तक निजी ईवी से आने वाले यात्री अपने वाहन स्टेशन परिसर में ही चार्ज कर सकेंगे। साथ ही आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इससे ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इस पहल के साथ अब साहिबाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ, मेरठ साउथ, आनंद विहार और न्यू अशोक नगर सहित कुल नौ नमो भारत स्टेशनों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध हो गए हैं।

# Recent @ Namo Bharat

## सराय काले खाँ नमो भारत स्टेशन पर आयोजित किया गया नेत्र जाँच शिविर

एनसीआरटीसी ने 21 जुलाई 2026 को सराय काले खाँ नमो भारत स्टेशन पर निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता बढ़ाना, इससे जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द पता लगाना और नमो भारत यात्रियों तथा अन्य लोगों को निशुल्क नेत्र जाँच की सुविधा प्रदान करना था। इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों की दृष्टि जाँच की और उन्हें इसका विशेष ख्याल रखने संबंधी सलाह दी। दिल्ली के नेत्रम आई फ़ाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस पहल को, भाग लेने वालों ने खूब सराहा।












ऐसी पहलों के ज़रिए, एनसीआरटीसी का उद्देश्य यात्रियों और आम जनता के बीच सेहत के विषय में जागरूकता को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य देखभाल के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। तेज़, विश्वसनीय और आरामदायक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ-साथ, नमो भारत स्टेशनों और ट्रेनों को समावेशी एवं संवेदनशील सार्वजनिक स्थलों के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# Recent @ Namo Bharat

## Sustainable Textile, Sustainable Future

On World Environment Day, Begumpul Namo Bharat Station hosted a three-day workshop, Sustainable Textile, Sustainable Future, by NCRTC in collaboration with Aharada Education.

From denim upcycling and clothing repair to natural dyeing and block printing, the workshop showcased creative ways to give old materials a new purpose. Art competitions, caricature sessions, eco-friendly tattoos and cultural performances added to the experience, bringing passengers, students and volunteers together for a meaningful sustainability celebration.





## Football Spirit Lights Up Anand Vihar




Football fever took over Anand Vihar Namo Bharat Station with the Coca-Cola x FIFA fan experience, bringing passengers, families and football enthusiasts together.

Interactive football-themed activities gave commuters an opportunity to participate, connect and enjoy the excitement of the FIFA World Cup, adding energy and community spirit to their everyday journeys.

## Clean Steps, Healthy Spaces: Gutkha-Free FOB Drive

As part of its ongoing cleanliness efforts, NCRTC is conducting an awareness and enforcement drive against spitting at the Foot Over Bridge (FOB) connecting Sarai Kale Khan Namo Bharat Station with Hazrat Nizamuddin Railway Station.





Commuters are being sensitised about maintaining cleanliness in public spaces and informed that spitting or disposing of chewing gum, gutkha, paan, tobacco, etc. at public places and mass transit infrastructure is prohibited. Maintaining the cleanliness and dignity of modern public transport infrastructure is a shared civic responsibility.


As part of the enforcement drive, penalties are being imposed on violators under the applicable provisions. Till 30 July 2026, 56 penalties have been issued under Section 59 of the Metro Railways (Operation and Maintenance) Act, 2002, at the Sarai Kale Khan FOB.

## Commuter Corner

# Less Hassle More Travel








Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

# Canvas & Commute









# Trivia

## Duhai Depot | The Technology and Operations Backbone of Namo Bharat






More than just a train depot, Duhai Depot is the operational, maintenance, testing, and innovation hub of the entire Namo Bharat corridor. From housing advanced technologies and training future train operators to maintaining world class rail infrastructure, the depot showcases how modern transit systems are built and managed.

## Key Highlights:

- **Operations Hub:** Controls the operations of the entire 82 km Delhi, Ghaziabad, Meerut Namo Bharat corridor and can stable 13 Namo Bharat trainsets.

- **Advanced Maintenance:** Equipped with 11 stabling lines, 2 workshop lines, 3 Internal Bay Lines (IBL), a Heavy Internal Cleaning (HEC) line, test track, workshop, and Automatic Coach Washing Plant.

- **Unique IBL Technology:** Features India's unique retractable Overhead Equipment (OHE) in the IBL, enabling safe and hassle free roof inspection and maintenance of trains.

- **Aparimit Centre of Innovation:** Home to Aparimit, NCRTC's innovation centre showcasing cutting edge technologies including AR, VR, BIM, and other digital solutions, attracting delegates from India and across the world.





- **Training Excellence:** Houses high end simulators and specialised labs including AFC, PSD, SCADA, Telecom, Signal, IT Server, and BMS, where train operators and technical staff receive hands on training.

- **Control & Monitoring:** The Depot Control Centre (DCC) and Back up Control Centre (BCC) manage train movements, maintenance planning, and depot operations.

- **Sustainable Infrastructure:** A 585 kWp solar power plant generates around 6.66 lakh units of clean energy annually, reducing approximately 615 tonnes of $CO_2$ emissions every year.











# Trivia

## लाइव पार्किंग स्टेटस फीचर

नमो भारत स्टेशनों पर पहली बार यात्रियों को वास्तविक समय में स्टेशनों पर पार्किंग की उपलब्धता की जानकारी प्रदान करता है। इसके माध्यम से यात्री रियल टाइम में यह देख सकते हैं कि पार्किंग में वाहनों के लिए स्थान उपलब्ध है या नहीं और उसके अनुसार यह निर्णय ले सकते हैं कि वाहन कहाँ पार्क करना है।



# Behind the Tracks

**Q1. How long have you been working on the Namo Bharat project?**

I have been working on the Namo Bharat project for 3 years and 2 months.

**Q2. What do you do to keep commuters safe when trains are running?**

I ensure track safety through regular inspections, maintenance of track components, and monitoring track geometry like gauge, level, and alignment. I also coordinate with Operations for maintenance blocks and enforce speed restrictions whenever required.

**Q3. How do you inspect and maintain the tracks?**

I supervise visual inspections, preventive maintenance, ultrasonic testing to detect internal rail defects, and track geometry checks. If any issue is found, we repair the track, replace defective components or welds, and restore safe operating conditions.



**Dileep Singh**
Junior Engineer (Track)

**Q4. What do you do during a track emergency?**

My first priority is passenger safety. I immediately inform the Operations Control Centre, inspect the site, and implement a temporary repair if it is safe to do so. If required, speed restrictions are imposed until a permanent repair is completed, usually during the night.

**Q5. How does your work help trains run on time and improve commuter experience?**

By identifying and fixing defects before they become major issues, I help prevent service disruptions and delays. Maintaining proper track geometry also ensures a smoother, safer, and more comfortable journey for commuters.

Namo Bharat Connect Helpline: 08069651515 Email: customercare@ncrtc.in

# Commuter of The Month

मेरा नाम लखन है और पहले मैं मेरठ से नोएडा बस से ट्रैवल करता था। उस दौरान सफर काफी मुश्किल और थकाने वाला होता था। रास्ते में कई बार 5-6 किलोमीटर तक का जाम मिल जाता था, जिसकी वजह से ऑफिस या जरूरी कामों के लिए देर भी हो जाती थी।



लखन

लेकिन जब से नमो भारत शुरू हुई है, मेरा सफर काफी आसान हो गया है। जो सफर पहले करीब डेढ़ घंटे का होता था, वह अब सिर्फ 30 से 40 मिनट में पूरा हो जाता है। अब ट्रैफिक और जाम की चिंता नहीं रहती। आराम से नमो भारत में बैठिए और अपने गंतव्य तक पहुंच जाइए।

समय की बचत होने से अब रोजमर्रा की जिंदगी भी काफी सुविधाजनक हो गई है। सफर में कम समय लगने के साथ-साथ मुझे परिवार और अपने जरूरी कामों के लिए भी ज्यादा समय मिल पाता है। नमो भारत ने मेरे रोज के सफर को ज्यादा आरामदायक और तनावमुक्त बना दिया है।

पहले सफर का मतलब होता था जाम की चिंता, रास्ते में होने वाली देरी और थकान। अब सफर का मतलब है समय पर पहुंचना और रास्ते का भी आनंद लेना। सबसे अच्छी बात यह है कि अब मैं अपने दिन की बेहतर प्लानिंग कर पाता हूं। मुझे पता होता है कि सफर में कितना समय लगेगा और उसी हिसाब से अपने ऑफिस और बाकी काम तय कर सकता हूं।

मेरे लिए नमो भारत सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि रोज के सफर में आया एक बड़ा बदलाव है। मेरठ से नोएडा का सफर अब तेज, आसान और सुविधाजनक हो गया है। जो समय पहले सड़क पर जाम में निकल जाता था, वही समय अब मेरे अपने काम और परिवार के लिए बचता है।

सच कहूं तो नमो भारत ने मेरे सफर को ही नहीं, मेरे पूरे दिन को बेहतर बना दिया है।

# Social Buzz

**Financial Express** @FinancialXpress

Anand Vihar to get major Skywalk linking Delhi Metro, Rail, Bus and Namo Bharat: NCRTC plans seamless interchange hub




From ebx.sh

2:30 PM · Jun 30, 2026 · 1,484 Views


1

**Infra Talks** @InfraTalksYT

🚨 HARYANA FAST-TRACKS Namo Bharat RRTS PROJECTS 🇮🇳 🚆

New Land Purchase Policy Approved For NCRTC Corridors 👀

- Direct Purchase Of Private Land Allowed
- Faster Land Acquisition For Mega Rail Projects
- Delhi–Gurugram–Bawal & Delhi–Panipat–Karnal Corridors To Benefit 🚀
- Big Boost For NCR Connectivity




7:58 AM · Jun 6, 2026 · 918 Views

1 5 33 4

**Press Trust of India** @PTI_News

STORY | Namo Bharat records highest single-day ridership of 1.25 lakh commuters, says NCRTC

The Delhi-Ghaziabad-Meerut Namo Bharat corridor recorded its highest-ever single-day ridership on Monday, with around 1.25 lakh passengers using the service, the National Capital Region Transport Corporation (NCRTC) said in a statement on Tuesday.

READ: ptinews.com/story/national...

(Image Source: PTI)



5:47 PM · Jun 9, 2026 · 2,678 Views

5 52 1

**The Analyzer (News Updates🗞️)** @Indian_Analyzer

🚨 Big! Namo Bharat may soon reach HARIDWAR & RISHIKESH

The Delhi-Meerut Namo Bharat corridor is set to get a major Himalayan extension, with DPR work underway for a 150-km rapid rail link to Haridwar and Rishikesh.

The proposed route will pass through:

— Meerut → Muzaffarnagar → Roorkee → Haridwar → Rishikesh
— Around 72 km in Uttar Pradesh and 78 km in Uttarakhand

The project received in-principle approval after a meeting between CM Pushkar Singh Dhami and Union Minister Manohar Lal Khattar, with NCRTC leading the DPR and survey work.




3:26 PM · Jul 14, 2026 · 8,824 Views

4 134 738 8

Editor : Puneet Vats
Published by : Corporate Communications, NCRTC

Please address your correspondence to:
The Editor,
Namo Bharat Times
Email: pr@ncrtc.in

Disclaimer: The information provided in this Newsletter is for the general reading purpose of Namo Bharat Commuters. The contents of the Newsletter are strictly for personal non-commercial use of the intended readers and lawful purposes.

← Post

**Press Trust of India**
@PTI_News

VIDEO | Delhi: As Namo Bharat Rapid Rail to operate 52 additional trips from July 30 to August 14 in view of the increased movement of Kanwariyas during the month of Sawan, Puneet Vats, CPRO, NCRTC (Namo Bharat Rapid Rail), says, "During the month of Sawan, the government makes every effort to ensure that Kanwariyas and other pilgrims do not face any inconvenience. There is tremendous pressure on the road network during this period, and some roads are also closed. This is why the National Capital Region Transport Corporation's Namo Bharat service, which currently operates between Delhi and Meerut, becomes even more important. At present, around 100,000 passengers travel on this service every day. Keeping in mind that passenger numbers will increase significantly during the month of Sawan, the NCRTC has decided to introduce about 52 additional trips between 30 July and 14 August. As a result, trains, which are currently available at 10-minute intervals, will now be available every 8 minutes."

(Full video available on PTI Videos - ptivideos.com)




7:18 PM · Jul 30, 2026 · 9.5K Views

← Post

**ABP News**
@ABPNews

कांवड़ यात्रा: दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को लेकर बड़ा ऐलान

#KanwarYatra #DelhiMeerut #VandeBharat @Abhisheknayan81




From abplive.com

11:33 PM · Jul 29, 2026 · 6.8K Views

1 · 6

**The Analyzer (News Updates)**
@Indian_Analyzer

Big! Namo Bharat may soon reach HARIDWAR & RISHIKESH

The Delhi-Meerut Namo Bharat corridor is set to get a major Himalayan extension, with DPR work underway for a 150-km rapid rail link to Haridwar and Rishikesh.

The proposed route will pass through:

— Meerut → Muzaffarnagar → Roorkee → Haridwar → Rishikesh
— Around 72 km in Uttar Pradesh and 78 km in Uttarakhand

The project received in-principle approval after a meeting between CM Pushkar Singh Dhami and Union Minister Manohar Lal Khattar, with NCRTC leading the DPR and survey work.




3:26 PM · Jul 14, 2026 · 8.8K Views

4 · 135 · 740 · 8

← Post

**NDTV India**
@ndtvindia

दिल्ली से 6 रूट पर दौड़ेगी नमो भारत, पानीपत, अलवर के बाद पलवल-रोहतक, बड़ौत तक रैपिड रेल, 4 राज्य होंगे कनेक्ट

#Delhi




From ndtv.in

3:08 PM · Jul 22, 2026 · 3.8K Views

1 · 6

Follow us on

| @officialncrtc